हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 29 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को आज श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज सुबह राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।खेलमंत्री ने सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को एक फिट राष्ट्र बनाने का है। श्री मांडविया ने सभी नागरिकों को आज राष्ट्रव्यापी उत्सव में भागीदारी करने का आग्रह किया।

....

आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर हिसार में खेल विभाग की ओर से एक यात्रा निकाली गई।जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इस यात्रा में छह सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।उन्होंने बताया कि 26 अगस्त से 31 अगस्त तक मनाए जा रहे खेल दिवस सप्ताह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं।

....

केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार आधारित सत्यारपन की अनुमति दे दी है। यह अनुमति स्वैच्छिक आधार पर दी गई है।पंजीकरण के समय और परीक्षाओं व भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान यह सत्यापन किया जा सकता है। यह निर्णय पूजा खेडकर की अंतरिम उम्मीदवारी को रद्द करने और फर्जी पहचान दिखाकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित संख्या् से अधिक प्रयास करने के लिए उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से वंचित करने के बाद आया है।

....

निर्वाचन आयोग ने हरियाणा बी.जे.पी. को चुनाव प्रचार में बच्चे को शामिल किए जाने पर नोटिस जारी किया है। भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक वीडियो पोस्ट में बच्चे का इस्तेमाल किया था। आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली को नोटिस जारी किया और तत्काल सुधारात्मक कदम

उठाने को कहा है। आयोग ने बी.जे.पी. के प्रदेश अध्यक्ष से आज शाम 6 बजे तक इस बारे जवाब भी मांगा है।

....

फतेहाबाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला में वोट प्रतिशत बढ़ाने और नागरिकों में वोट डालने के प्रति जागरूकता लाने के लिए लघु सचिवालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। उपायुक्त ने इस मौके पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की और कहा कि पहली बार वोट डालने जा रहे लोग इस गर्व की अनुभूति करें कि वे लोकतंत्र के पर्व का हिस्सा बनने वाले हैं।उपायुक्त ने कहा कि चुनाव में एक-एक वोट की कीमत होती है, वोट का प्रयोग अपने विवेक से करें।

....

खड़गा कोर ने अपने दिग्गजों, वीर नारियों, विधवाओं, उनके परिवारों और रक्षा नागरिकों के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए कल अंबाला छावनी में दो दिवसीय 191वीं रक्षा पेंशन समाधान रैली का आयोजन किया।रैली में जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर, खड़गा कोर की ओर से चीफ ऑफ स्टाफ, खड़गा कोर ने विशेष रूप से भाग लिया। आज भी अंबाला, यमुनानगर और कपूरथला जिलों के सैनिकों और उनके परिवारों व आश्रितों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसमें पारिवारिक पेंशन, स्पर्श और वेतन निर्धारण से संबंधित मुद्दों के मौके पर समाधान को सक्षम करने के लिए कई स्टॉल स्थापित किए गए हैं, जिनमें पीसीडीए, स्पर्श, पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना, यूनिट रन कैंटीन, सैनिक बोर्ड, हेल्पलाइन, रिकॉर्ड कार्यालय, सेना कल्याण नियोजन संगठन शामिल हैं। रैली स्थल पर चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है जिसके माध्यम से सभी उपस्थित लोगों के लिए चिकित्सा जांच और रेफरल की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में स्मार्ट सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इस कड़ी में नई दिल्ली की एक कंपनी के साथ समझौता हस्ताक्षर किया गया है जिसके तहत् कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रावासों में आटोमैटिक वाशिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसका फायदा छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को मिलेगा।इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शून्य लागत पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावासों में 70 वाशिंग मशीन लगाई जा रही हैं जिनमें से 40 महिला छात्रावासों में तथा 30 पुरुष छात्रावासों में स्थापित होंगी। कपड़े धोने की इन मशीनों का संचालन विद्यार्थी मोबाइल एप द्वारा भी कर सकेंगे तथा इस सुविधा का लाभ मिलने से विद्यार्थियों के समय, श्रम के साथ-साथ धन की भी बचत होगी।